माननीय रेल मंत्री द्वारा खार रोड स्टेशन पर नये पैदल ऊपरी पुल का शिलान्यास तथा विले पार्ले स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल ऊपरी पुल का उद्घाटन





★ माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु विले पार्ले स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल ऊपरी पुल का उद्घाटन करते हुए। साथ ही मुंबई की माननीया महापौर श्रीमती स्नेहल आंबेकर, माननीया सांसद श्रीमती पूनम महाजन, माननीय विधायक श्री पराग अलवणी तथा पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल भी दिखाई दे रहे हैं। अन्य चित्रों में माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु खार रोड स्टेशन पर पेयजल वेंडिग मशीन का उद्घाटन करते हुए तथा खार रोड स्टेशन पर सभा को सम्बोधित करते हुए। साथ ही अन्य गणमान्य अतिथि भी दिखाई दे रहे हैं।

भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु द्वारा शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2016 को खार रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में खार रोड स्टेशन के पैदल ऊपरी पुल का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मुंबई की माननीया महापौर श्रीमती स्नेहल आंबेकर के साथ माननीया सांसदगण श्रीमती पूनम महाजन एवं श्री माजिद मेमन, माननीय विधायकगण श्री आशीष शेलार एवं श्री पराग अलवणी के अलावा पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री शैलेन्द्र कुमार तथा पश्चिम रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने माननीय अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किये। खार स्टेशन के उत्तरी छोर पर पैदल ऊपरी पुल का निर्माण किया जायेगा। यह पुल 63 मीटर लम्बा और 6 मीटर चौड़ा होगा तथा इसकी निर्माण लागत लगभग 4.45 करोड़ रुपये होगी। यह पैदल ऊपरी पुल स्टेशन के पश्चिमी दिशा के संलग्न क्षेत्र के साथ सभी प्लेटफॉर्मों को जोड़ेगा। इस पैदल ऊपरी पुल का निर्माण वर्तमान में मौजूद 3.66 मीटर और 5 मीटर चौड़े दो पुलों के अतिरिक्त किया जायेगा।

पैदल ऊपरी पुल के शिलान्यास के पश्चात माननीय रेल मंत्री माननीय अतिथियों तथा रेलवे पदाधिकारियों के साथ उपनगरीय लोकल ट्रेन द्वारा विले पार्ले स्टेशन गये। विले पार्ले स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल ऊपरी पुल के उद्घाटन के दौरान मुंबई की माननीया महापौर श्रीमती स्नेहल आंबेकर, माननीया सांसद श्रीमती पूनम महाजन तथा माननीय विधायक श्री पराग अलवणी उपस्थित थे। श्री प्रभु ने कहा कि कई कॉलेजों एवं इसकी शाखाओं के कारण विले पार्ले एक महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक केन्द्र है तथा इस पैदल ऊपरी पुल से लोगों को काफी सहूलियत होगी। लगभग 2.3 करोड़ रुपये लागत से बनने वाले इस पैदल ऊपरी पुल की लम्बाई 64 मीटर तथा चौड़ाई 6.6 मीटर है। वर्तमान पैदल ऊपरी पुल की पूर्वी दिशा के खम्बे प्रस्तावित छठी लाइन को अवरुद्ध कर रहे थे इसलिए इन्हें हटाया जायेगा। यात्रियों को होने वाली असुविधाओं को कम करने के लिए पुराने पैदल ऊपरी पुल के बदले नये पैदल ऊपरी पुल का निर्माण किया गया है। ये सुविधाएँ पश्चिम रेलवे द्वारा अपने सम्माननीय यात्रियों को और अधिक बेहतर सुविधा प्रदान करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं।

माननीय रेल मंत्री द्वारा एक उच्चस्तरीय बैठक में मुंबई तथा महाराष्ट्र की रेल परियोजनाओं की समीक्षा




★ माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु 7 सितम्बर, 2016 को मुंबई तथा महाराष्ट्र की रेल परियोजनाओं से सम्बंधित एक उच्चस्तरीय बैठक को सम्बोधित करते हुए। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर दिखाई दे रहे हैं।

7 सितम्बर, 2016 को पाली हिल रेस्ट हाउस, बांद्रा में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने मुंबई तथा महाराष्ट्र की वर्तमान में जारी तथा भावी रेल परियोजनाओं के सम्बंध में पश्चिम रेलवे तथा मध्य रेल, बृहनमुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम), ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी), कल्याण-डोम्बिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) के साथ-साथ जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तथा बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट (बीपीटी) के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल सहित मंत्रालय एवं अन्य संस्थाओं के उच्च अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



★ भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु रविवार, 14 अगस्त, 2016 को पश्चिम रेलवे के चर्चगेट मुख्यालय स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में जम्मूतवी-हरिद्वार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारम्भ समारोह को सम्बोधित करते हुए तथा मुंबई की अहम रेल मुद्दों की समीक्षा बैठक में पश्चिम रेलवे, मध्य रेल और मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के उच्चाधिकारियों से चर्चा करते हुए। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल, मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अखिल अग्रवाल और मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रभात सहाय भी दिखाई दे रहे हैं।

माननीय रेल मंत्री द्वारा जम्मूतवी-हरिद्वार साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारम्भ तथा मुंबई के अहम रेल मुद्दों की वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ समीक्षा

भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने रविवार, 14 अगस्त, 2016 को चर्चगेट मुख्यालय स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में 14605/14606 जम्मूतवी-हरिद्वार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की उद्घाटक सेवा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शुभारम्भ समारोह के बाद माननीय रेल मंत्री द्वारा एमयूटीपी फेज-III, स्टेशन विकास योजनाओं, संचार आधारित सिगनल प्रणाली एवं यात्री सुविधाओं से सम्बंधित विभिन्न बकाया मामलों सहित पश्चिम रेलवे और मध्य रेल के मुंबई उपनगरीय खंडों से जुड़े अहम मुद्दों की समीक्षा की गई तथा पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के महाप्रबंधकों तथा मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सहित विभिन्न वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

ट्रेन के शुभारम्भ समारोह के प्रारम्भ में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए माननीय रेल मंत्री महोदय ने जम्मू एवं हरिद्वार के तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों को नई रेल सेवा के शुभारम्भ की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अखिल अग्रवाल, मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रभात सहाय, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि और वरिष्ठ रेल अधिकारी भी मौजूद थे। जम्मूतवी-हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन की उद्घाटक सेवा 14 अगस्त, 2016 को 12.10 बजे रवाना हुई और उसी दिन 22.25 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुँची। इस ट्रेन का नियमित परिचालन सोमवार, 15 अगस्त, 2016 से शुरू हो गया।



पश्चिम रेलवे द्वारा 7/11 बम विस्फोट में दिवंगत हुए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित

11 जुलाई, 2006 को आतंकवादियों द्वारा किये गये कायरतापूर्ण कार्य के फलस्वरूप मुंबई की सात उपनगरीय ट्रेनों के प्रथम श्रेणी डिब्बों में माटुंगा रोड, माहिम जं, बांद्रा, सांताक्रुज, जोगेश्वरी, बोरीवली तथा भायंदर स्टेशनों पर हुए बम धमाके हुए थे। यद्यपि भावनात्मक तौर पर 7/11/2006 को हुए बम धमाकों के प्रभावितों को पहुँची क्षति की पूर्ति नहीं की जा सकती है, मगर प्रभावितों एवं उनके परिजनों को राहत देने हेतु हरसम्भव बेहतर प्रयास करने वाली पश्चिम रेलवे द्वारा 11 जुलाई, 2016 को इन विस्फोटों में दिवंगत यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपरोक्त तस्वीरों में दर्शाये गये क्रमानुसार पश्चिम रेलवे के मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा माहिम, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री जी. एस. टुटेजा द्वारा सांताक्रुज, मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री पी. एस. मिश्रा द्वारा बोरीवली, मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी द्वारा भायंदर, मुख्य बिजली इंजीनियर श्री डी. के. शर्मा द्वारा बांद्रा रेलवे स्टेशन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। इन स्थानों पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। जोगेश्वरी और माटुंगा रोड स्टेशनों पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं मौजूद रेलकर्मियों द्वारा दिवंगत यात्रियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

माननीय रेल मंत्री द्वारा बांद्रा टर्मिनस पर नये होम प्लेटफॉर्म एवं बुकिंग कार्यालय, कांदिवली पर एक एस्केलेटर एवं बुकिंग कार्यालय तथा गोरेगाँव पर तीन एस्केलेटरों का उद्घाटन



★माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु बुधवार, 8 जून, 2016 को रेल भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये मुंबई उपनगरीय खंड की विभिन्न यात्री सुविधाओं के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए। दूसरी पंक्ति में कांदिवली स्टेशन पर नये एस्केलेटर का उद्घाटन करते हुए माननीय सांसद श्री गोपाल शेट्टी, जबकि माननीय विधायक श्री आशीष शेलार बांद्रा टर्मिनस पर नये होम प्लेटफॉर्म एवं बुकिंग कार्यालय की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण करते हुए। पश्चिम तथा मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल एवं मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर दिखाई दे रहे हैं।

माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने 8 जून, 2016 को रेल भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये बांद्रा टर्मिनस पर नये होम प्लेटफॉर्म एवं बुकिंग कार्यालय, कांदिवली स्टेशन पर एक एस्केलेटर एवं बुकिंग कार्यालय तथा गोरेगाँव स्टेशन पर तीन एस्केलेटरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री ए. के. मित्तल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

उपरोक्त सुविधाओं का उद्घाटन समारोह मुंबई में बांद्रा टर्मिनस तथा कांदिवली रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किया गया। माननीय सांसद श्री गोपाल शेट्टी, माननीय विधायक श्री योगेश सागर एवं श्री अतुल भातखलकर अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के साथ कांदिवली स्टेशन पर उपस्थित थे, जबकि माननीय सांसद श्री अरविंद सावंत तथा श्री राजन विचारे एवं माननीय विधायक श्री आशीष शेलार बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर उद्घाटन समारोह हेतु उपस्थित थे। माननीय रेल मंत्री ने रेल भवन, नई दिल्ली से इन यात्री सुविधाओं की डिजिटल पट्टिकाओं का अनावरण सम्बंधित रेलवे स्टेशनों पर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर पश्चिम एवं मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन ने सभी का आभार प्रकट किया।

बांद्रा टर्मिनस : होम प्लेटफॉर्म तथा बुकिंग कार्यालय का उद्घाटन

बांद्रा टर्मिनस को पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई महानगर के एक महत्त्वपूर्ण यात्री टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। इसकी स्थापना 1 जुलाई, 1992 को की गई थी। मुंबई महानगर की लगातार बढ़ती हुई यात्री जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से इस टर्मिनस पर एक आकर्षक नई स्टेशन इमारत बनाई गई, जिसमें अतिरिक्त बुकिंग खिड़कियाँ, यात्री आरक्षण केन्द्र, प्रतीक्षालय, अमानती सामान घर, आधुनिक खानपान गृह, प्रतीक्षा कक्ष, विश्राम कक्ष इत्यादि जैसी समस्त यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं।

बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर एक नये होम प्लेटफॉर्म को उपलब्ध कराने के लिए यार्ड के रिमॉडलिंग का कार्य निर्माण विभाग द्वारा एमयूटीपी II के अंतर्गत छठी लाइन के निर्माण कार्य के अंतर्गत किया गया है, जिसकी कुल लागत 33.24 करोड़ रु. आई है। इसके अतिरिक्त बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर नये एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय का भी निर्माण एमयूटीपी II परियोजना के अंतर्गत ट्रेसपासिंग कंट्रोल के लिए किये गये प्रयासों के अंतर्गत 1.5 करोड़ रु. की लागत से किया गया है। यह पूरा काम पश्चिम रेलवे के निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। बांद्रा टर्मिनस मुंबई मंडल पर मुंबई सेंट्रल के बाद दूसरा बड़ा टर्मिनस है जो मुंबई से लम्बी दूरी को जाने वाली ट्रेनों को सेवा प्रदान करता है। यह 40 जोड़ी ट्रेनों के ज़रिये औसतन प्रतिदिन 14 हजार आरक्षित एवं 6000 अनारक्षित यात्रियों को सेवा प्रदान करता है। बांद्रा टर्मिनस की औसत दैनिक आय आरक्षित यात्रियों से लगभग 94.83 लाख रु. तथा अनारक्षित यात्रियों से 10.99 लाख रु. है। पार्सल यातायात से दैनिक आय लगभग 4.3 लाख रु. है।

कांदिवली स्टेशन पर एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय और एस्केलेटर

कांदिवली स्टेशन पर दक्षिणी दिशा में स्थित बीएमसी के पैदल ऊपरी पुल और लोकल लाइन पर बने रेलवे के पैदल ऊपरी पुल के बीच एलिवेटेड डेक का प्रावधान है। इस एलिवेटेड डेक पर बुकिंग कार्यालय की 5 खिड़कियाँ हैं तथा यह डेक एक एस्केलेटर द्वारा जुड़ा हुआ है। यह कार्य एमआरवीसी द्वारा एमयूटीपी II परियोजना के अंतर्गत ट्रेसपासिंग कंट्रोल के लिए किये गये प्रयासों के अंतर्गत 5.1 करोड़ रु. की लागत से किया। कांदिवली स्टेशन से प्रतिदिन 1.72 लाख से अधिक यात्री अपनी यात्रा प्रारम्भ करते हैं। कांदिवली स्टेशन की दैनिक औसत यात्री आमदनी लगभग 10.06 लाख रु. है। यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए कांदिवली स्टेशन पर एक नये एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय का निर्माण किया गया है तथा एक एस्केलेटर स्थापित किया गया है।

गोरेगाँव स्टेशन पर एस्केलेटर का उद्घाटन

गोरेगाँव स्टेशन से प्रतिदिन 1.54 लाख से अधिक यात्री अपनी यात्रा प्रारम्भ करते हैं। गोरेगाँव स्टेशन की दैनिक औसत यात्री आमदनी लगभग 8.78 लाख रु. है। यहाँ 3 नये एस्केलेटर गोरेगाँव स्टेशन पर यात्रियों की जरूरतों को देखकर बनाये गये हैं। इन 3 एस्केलेटरों के साथ गोरेगाँव स्टेशन पर अब एलिवेटेड डेक 6 एस्केलेटरों द्वारा जुड़ गया है। इन 3 एस्केलेटरों की निर्माण लागत लगभग 1.6 करोड़ रु. है। ये एस्केलेटर एमआरवीसी द्वारा बुकिंग, लिफ्ट, एस्केलेटर इत्यादि वाले एलिवेटेड डेक के निर्माण कार्य का एक हिस्सा है।

माननीय रेल मंत्री द्वारा मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों पर सौंदर्यीकरण योजना 'हमारा स्टेशन - हमारी शान' का उद्घाटन



★2 अक्टूबर, 2016 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु बांद्रा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में एक बड़े कैनवास पर पेंटिंग करके मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों पर प्रस्तावित सौंदर्यीकरण की योजना 'हमारा स्टेशन - हमारी शान' का उद्घाटन करते हुए। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस, माननीया सांसद श्रीमती पूनम महाजन, प्रख्यात अभिनेता श्री अनिल कपूर और पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल भी दिखाई दे रहे हैं।

2 अक्टूबर, 2016 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मुंबई फर्स्ट तथा मेकिंग-ए-डिफरेंस (MAD) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक समारोह में मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों पर प्रस्तावित सौंदर्यीकरण की योजना '**हमारा स्टेशन - हमारी शान**' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस, माननीया सांसद श्रीमती पूनम महाजन, प्रख्यात अभिनेता श्री अनिल कपूर एवं श्री अयूब खान, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल, मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अखिल अग्रवाल, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन और मध्य रेल के मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री रवीन्द्र गोयल भी उपस्थित थे।

'हमारा स्टेशन - हमारी शान' सौंदर्यीकरण परियोजना के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर, 2016 के मध्य 7 दिवसीय अवधि में मुंबई फर्स्ट तथा मेकिंग-ए-डिफरेंस (MAD) संस्था के लगभग 15000 स्वयंसेवकों द्वारा मुंबई के 36 उपनगरीय स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया गया। इस योजना के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के 21 स्टेशनों चर्चगेट, मरीन लाइन्स, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी, लोअर परेल, एलफिंस्टन रोड, दादर, माहिम, बांद्रा, खार, सांताक्रुज, विले पार्ले, अंधेरी, जोगेश्वरी, गोरेगाँव, मालाड, कांदिवली, बोरीवली और दहिसर स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया गया, जिसके अंतर्गत सीढ़ियों, पैदल ऊपरी पुलों, बुकिंग ऑफिस परिक्षेत्र, प्रवेश/निकास क्षेत्र, चिह्नित बोर्डों तथा प्लेटफॉर्मों पर कलात्मक चित्रकारी की गई। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक स्टेशन पर कलाकारों, डिज़ाइनरों और स्वयंसेवकों की टीम ने एक लीडर के नेतृत्व में कार्य किया। विभिन्न कलाकारों, डिज़ाइनर पाठ्यक्रम के छात्रों एवं विशेषज्ञों ने एक साथ मिलकर विविध स्टेशनों की अलग-अलग संकल्पना विकसित कर उसे डिज़ाइन किया। उदाहरणार्थ मुंबई के तटीय क्षेत्र एवं उसके आसपास के परिवेश को ध्यान में रखते हुए मरीन लाइन्स स्टेशन को कोली समुदाय पर आधारित संकल्पना प्रदान की गई है।

पश्चिम रेलवे के 21 स्टेशनों का होगा सौंदर्यीकरण

'हिस्ट्री वॉल' नामक एक अन्य पहल के तहत प्रत्येक स्टेशन पर रेलवे स्टेशन के मूल इतिहास की रोचक जानकारियों वाली इतिहास पट्टिका को प्रदर्शित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक स्टेशन के चिह्नित बोर्ड को बदलने तथा उसमें अतिरिक्त सूचना का समावेश करने का निर्णय भी लिया गया।

मुंबई शहर में मेकिंग-ए-डिफरेंस (MAD) संस्था अपने अभिनव प्रयासों द्वारा अपनी पहचान बना चुकी है। इस संस्था ने रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण का अनूठा प्रयास किया है। संस्था के रंग-बिरंगे प्रयासों के फलस्वरूप बोरीवली, खार रोड और माटुंगा स्टेशन पिछले दिनों नये आकर्षक रूप में सामने आ चुके हैं, जिनकी भारत के माननीय प्रधानमंत्री तथा माननीय रेल मंत्री सहित व्यापक तौर पर सराहना की गई है।

भंडार विभाग का रेल सप्ताह

चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के भंडार विभाग में 27 अप्रैल, 2016 को सामग्री प्रबंधन अनुभाग द्वारा 61 वें रेल सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भंडार नियंत्रक श्री ए के वार्ष्णेय ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिये कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किये तथा वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिये स्टोर डिपो एवं परचेस सेक्शन को उत्कृष्ट कार्य के लिये शील्ड प्रदान की। भंडार नियंत्रक श्री ए के वार्ष्णेय द्वारा इस कार्यक्रम के दौरान 'हैंडबुक ऑफ बेस्ट प्रेक्टिस फॉर हैंडलिंग ऍन्ड स्टोरेज ऑफ ल्यूब ऑइल इन स्टोर डिपो' नामक बुकलेट तथा सामग्री प्रबंधन के लिए 'नालंदा' नामक सेल्फ स्टडी सेंटर का उद्घाटन भी किया गया।



★पश्चिम रेलवे के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 61 वें रेल सप्ताह के अवसर पर पश्चिम रेलवे के भंडार नियंत्रक श्री ए के वार्ष्णेय हैंडबुक का विमोचन करते हुए। उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

माननीय रेल मंत्री द्वारा मुंबई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये रोहतक में नये एलिवेटेड ट्रैक का शिलान्यास



★ भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु मंगलवार, 1 नवम्बर, 2016 को ब्रांद्रा, मुंबई में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये रोहतक में नये एलिवेटेड ट्रैक के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए। दूसरे चित्र में माननीय रेल मंत्री द्वारा अनावृत डिजिटल आधारशिला पट्टिका का एक दृश्य तथा रोहतक में आयोजित समारोह में मौजूद हरियाणा सरकार के माननीय सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनीष कुमार ग्रोवर एवं अन्य अतिथिगण दिखाई दे रहे हैं।

भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने मंगलवार, 1 नवम्बर, 2016 को ब्रांद्रा, मुंबई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये डिजिटल आधारशिला पट्टिका का अनावरण कर रोहतक में नये एलिवेटेड ट्रैक का शिलान्यास किया। यह नया एलिवेटेड ट्रैक रोहतक शहर में वर्तमान में मौजूद रोहतक-गोहाना रेल लाइन के स्थान पर बिछाया जायेगा। इस अवसर पर हरियाणा के रोहतक शहर में एक समानांतर समारोह आयोजित किया गया। बांद्रा स्थित पाली हिल रेल अधिकारी क्लब के परिसर में आयोजित समारोह में पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन ने रेल मंत्री महोदय को पुष्प गुच्छ भेंट कर उसका स्वागत किया। इस मौके पर शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए रेल मंत्री श्री प्रभु ने हरियाणा के स्थापना दिवस और भाई दूज के त्योहार के उपलक्ष्य में सभी हरियाणा वासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मंगलमय अवसर पर वे भारतीय रेलवे की ओर से हरियाणा सरकार को नये एलिवेटेड ट्रैक का महत्त्वपूर्ण उपहार दे रहे हैं, जो सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में अपनी तरह की सर्वप्रथम पहल है। इसके फलस्वरूप हरियाणा प्रदेश में यातायात सम्बद्धता के क्षेत्र में एक नया दौर शुरू होगा।

यह एलिवेटेड ट्रैक लगभग 4 किलोमीटर लम्बा होगा, जिसके निर्माण पर आने वाली कुल 315 करोड़ रुपये की लागत में से 90 करोड़ रुपये रेलवे द्वारा तथा 225 करोड़ रुपये हरियाणा सरकार द्वारा दिये जाने का निर्णय लिया गया है। रोहतक में आयोजित समारोह में हरियाणा सरकार के माननीय सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनीष कुमार ग्रोवर तथा रोहतक की माननीया महापौर श्रीमती रेणू डाबला सहित अनेक अतिथिगण मौजूद थे। इस मौके पर हरियाणा के माननीय मुख्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने सार्वजनिक रूप से टेलीफोन के ज़रिये संवाद स्थापित कर हरियाणा प्रदेश में इस नई परियोजना के लिए रेल मंत्री महोदय का आभार प्रकट किया। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री पी. के. सांघी तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे को सृजनात्मक उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय स्तर के दो एबीसीआई अवॉर्ड



★ मुंबई में पिछले दिनों 56 वें ए.बी.सी.आई. वार्षिक पुरस्कार समारोह में पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क विभाग की सृजनात्मक उत्कृष्टता के लिए मिला राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण करते हुए पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर तथा उनकी जनसम्पर्क टीम के अन्य अधिकारीगण।

पश्चिम रेलवे ने अपनी सृजनात्मक उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए 'एसोसिएशन **ऑफ बिज़नेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया**' (ABCI) द्वारा दिये जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर एक बार फिर अपनी रचनात्मक श्रेष्ठता साबित की है। ये महत्त्वपूर्ण पुरस्कार पिछले दिनों मुंबई के कफ परेड स्थित होटल ताज प्रेसिडेंट में आयोजित 56 वें एबीसीआई अवार्ड समारोह के दौरान प्रदान किये गये गये। ये अवार्ड एबीसीआई द्वारा प्रतिवर्ष 'बिजनेस कम्युनिकेशन' के क्षेत्र में सृजनात्मक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किये जाते हैं। पश्चिम रेलवे ने अपने पहले पुरस्कार की रजत ट्रॉफी '**प्रेस्टिज पब्लिकेशन**' कोटि के अंतर्गत मुंबई में पश्चिम रेलवे नेटवर्क के 150 गौरवपूर्ण वर्ष के पूरे होने के उपलक्ष्य में मराठी भाषा में प्रकाशित पुस्तक '**इतिहासात डोकावताना**' के लिए जीती। टेबल कैलेंडर कोटि के अंतर्गत पश्चिम रेलवे द्वारा प्रकाशित वर्ष 2016 के टेबल कैलेंडर ने ट्रॉफी जीती। पश्चिम रेलवे द्वारा निर्मित यह कैलेंडर '**भारत के विकास का इंजन**' संकल्पना पर आधारित था, जिसके अंतर्गत देश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पश्चिम रेलवे की कुछ उत्कृष्ट ट्रेनों का समावेश किया गया था। ये पुरस्कार पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर के साथ वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी श्री गजानन महतपुरकर तथा जनसम्पर्क अधिकारियों सर्वश्री सी. एन. के. डेविड, होरमज़ मोहता एवं सुनील सिंह द्वारा ग्रहण किये गये। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने लगातार 14 वें वर्ष जारी इस शानदार उपलब्धि के कीर्तिमान के लिए मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर और उनकी समूची टीम को हार्दिक बधाई दी है।

पश्चिम रेलवे ने माननीय रेल मंत्री से प्राप्त की 3 राष्ट्रीय शील्ड एवं 6 व्यक्तिगत पुरस्कार



★ माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल को कार्मिक प्रबंधन शील्ड, यांत्रिक इंजीनियरिंग शील्ड एवं सिविल इंजीनियरिंग शील्ड प्रदान करते हुए। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के प्रधान विभागाध्यक्ष मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री ए. के. अग्रवाल तथा प्रधान मुख्य इंजीनियर श्री एस. एन. अग्रवाल भी सम्बंधित शील्डों के साथ माननीय रेल राज्यमंत्री श्री मनोज सिन्हा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम रेलवे ने शनिवार, 16 अप्रैल, 2016 को भुवनेश्वर में आयोजित 61वें रेल सप्ताह समारोह में 6 व्यक्तिगत पुरस्कार एवं 3 कार्यकुशलता निष्पादन शील्ड जीतकर अपनी कामयाबी का परचम लहराया। पश्चिम रेलवे उत्कृष्ट निष्पादन हेतु प्रतिष्ठित यांत्रिक इंजीनियरिंग शील्ड तथा कार्मिक प्रबंधन शील्ड की एकमात्र विजेता रही, जबकि इंजीनियरिंग शील्ड पश्चिम रेलवे ने अन्य दो क्षेत्रीय रेलों के साथ संयुक्त रूप से प्राप्त की, जिसे पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने सम्बंधित प्रधान विभागाध्यक्षों मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री ए. के. अग्रवाल तथा प्रधान मुख्य इंजीनियर श्री एस. एन. अग्रवाल के साथ माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु के हाथों ग्रहण किया। पश्चिम रेलवे के 6 अधिकारियों को भी इस अवसर पर उनकी विशिष्ट सेवाओं हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये।



★ वर्ष 2015-16 के दौरान अपनी विशिष्ट सेवाओं के लिए भुवनेश्वर में 16 अप्रैल, 2016 को आयोजित राष्ट्रीय रेल सप्ताह समारोह में माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु के हाथों राष्ट्रीय स्तर का व्यक्तिगत पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं दक्षता पदक प्राप्त करते हुए पश्चिम रेलवे, चर्चगेट की सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हेमा राक्षे, वडोदरा के मंडल इंजीनियर श्री विकास गढ़वाल, चर्चगेट के उप मुख्य लेख अधिकारी श्री गिरिराज कुमार मीणा, चर्चगेट के रेलवे भर्ती सेल के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार ठाकुर, जगजीवन राम अस्पताल-मुंबई सेंट्रल के वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार मेहता तथा वडोदरा के वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री जेड. एच. सिद्दीकी दिखाई दे रहे हैं। इनके अलावा पश्चिम रेलवे के सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री दीपक शर्मा को भी रेलवे बोर्ड की हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में विजेता बनने पर इस गौरवशाली समारोह में पुरस्कृत किया गया।

माननीय रेल मंत्री द्वारा मुंबई में विभिन्न महत्त्वपूर्ण रेल योजनाओं का शुभारम्भ



★ माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु मुंबई के दादर स्थित रेल मंत्री कैम्प कार्यालय में 23 मई, 2016 को भारतीय रेल के ट्रैकमैन, की-मैन तथा गश्तीदल के लिए अधिकतम श्रम दक्षता की दृष्टि से रीडिज़ाइन्ड उपकरणों की लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान एक गैंगमैन को टूल किट प्रदान करते हुए।

माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु द्वारा मुंबई के दादर स्थित रेल मंत्री कैम्प कार्यालय में 23 मई, 2016 को आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये विभिन्न महत्त्वपूर्ण रेल योजनाओं का शुभारम्भ किया गया। इनमें भारतीय रेल के ट्रैकमैन, की-मैन तथा गश्तीदल के लिए अधिकतम श्रम दक्षता की दृष्टि से रीडिज़ाइन्ड उपकरणों की लॉन्चिंग, हैंड हेल्ड टर्मिनलों के ज़रिये अनारक्षित रेल टिकटों की बिक्री के पायलट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ, चौकीदार रहित रेल समपारों पर संरक्षा में सुधार के लिए पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन तथा भारतीय रेल के दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-चेन्नई, दिल्ली-मुंबई तथा दिल्ली-सिकंदराबाद सेक्टरों में वैकल्पिक ट्रेन आरक्षण की सुविधा वाली 'विकल्प' योजना का विस्तार शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय रेल मंत्री द्वारा गैंगमैनों को टूल किट प्रदान किये गये तथा विभिन्न नवीनतम सुविधाओं एवं सेवाओं वाली योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल, मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री ए. के. श्रीवास्तव तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री द्वारा हज़रत निज़ामुद्दीन-पुणे एसी साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई गई तथा हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को मुंबई के दादर स्थित रेल मंत्री कैम्प कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सम्बोधित किया गया।



★ सोमवार, 22 अगस्त, 2016 को मुंबई के दादर स्थित योगी सभागृह में माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों पर हाई-स्पीड वाई-फाई सुविधा के शुभारम्भ के रूप में लैपटॉप के ज़रिये डिजिटल उद्घाटन पट्टिका का अनावरण करते हुए। साथ ही दूसरे चित्र में पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के रेलवे स्टेशनों पर लोकार्पित विभिन्न यात्री सेवाओं की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण करते हुए। इस अवसर पर भारत सरकार के माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, श्री रामदास आठवले, अन्य गणमान्य अतिथि एवं पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल भी दिखाई दे रहे हैं।

माननीय रेल मंत्री द्वारा मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों पर हाई-स्पीड वाली वाई-फाई सुविधा का उद्घाटन तथा विभिन्न नई सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं का शुभारम्भ

माननीय रेल मंत्री ने मुंबई के दादर स्थित योगी सभागृह में पश्चिम रेलवे, मध्य रेल एवं मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये गये एक कार्यक्रम में मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों पर हाई-स्पीड वाई-फाई सुविधा के शुभारम्भ सहित विभिन्न नई सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर हार्बर लाइन पर मध्य रेल की 12 डिब्बों की ईएमयू सेवाओं, अंधेरी में हार्बर लाइनों के लिए 12 डिब्बों वाली ट्रेनों के लिए दो नये प्लेटफॉर्मों एवं दो लिफ्टों तथा गोरेगाँव स्टेशन पर डेक एवं दक्षिणी छोर के बुकिंग कार्यालय के अलावा कर्जत, शहाड, कुर्ला, किंग्ज़ सर्कल, रे रोड एवं चेम्बूर स्टेशनों पर पैदल ऊपरी पुल तथा वसई रोड एवं नालासोपारा स्टेशनों पर पैदल ऊपरी पुल और एस्केलेटरों का लोकार्पण किया। इसी प्रकार माननीय रेल मंत्री ने कल्याण, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, बांद्रा टर्मिनस, दादर (पश्चिम एवं मध्य रेल), चर्चगेट, बांद्रा एवं खार रोड स्टेशनों पर हाई-स्पीड वाई-फाई सुविधा का उद्घाटन भी किया। माननीय रेल मंत्री द्वारा इस समारोह में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत मध्य रेल के दादर स्टेशन पर नव विकसित गार्डन तथा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर एसी डॉरमेटरी, वॉटर रिसायकलिंग प्लांट एवं दिव्यांगों हेतु बायो-टॉयलेट के अलावा कुर्ला एवं ठाणे स्टेशन पर डीलक्स टॉयलेट, महालक्ष्मी स्टेशन पर पे एंड यूज़ टॉयलेट, खार रोड स्टेशन पर 'नम्मा' टॉयलेट, कल्याण एवं गोवंडी स्टेशनों पर नये टॉयलेट, बोरीवली स्टेशन पर नये बुकिंग ऑफिस सहित दो मंज़िला इमारत तथा नालासोपारा एवं गोरेगाँव (उत्तरी छोर) स्टेशनों पर नये बुकिंग कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री ने अपने सम्बोधन में वर्तमान महत्त्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के साथ-साथ पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के मुंबई उपनगरीय खंडों को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में प्रस्तावित भावी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल एवं मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रभात सहाय ने माननीय रेल मंत्री तथा अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। माननीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास आठवले ने भी समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुंबई की माननीया महापौर श्रीमती स्नेहल आंबेकर, माननीय सांसदगण श्री राहुल शेवाले, श्री अरविंद जी. सावंत, श्री राजन बी. विचारे एवं डॉ. श्रीकांत ई. शिंदे के साथ माननीय विधायकगण श्री आशीष शेलार, श्री मंगेश कुडालकर, श्री संजय केलकर, श्री प्रकाश फातर्पेकर तथा श्रीमती तृप्ति सावंत भी उपस्थित थीं। रेलटेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. के. बहुगुणा, आईआरसीटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री ए. के. मनोचा एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान दो लघु फिल्में भी दिखाई गईं। पहली फिल्म में पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के मुंबई उपनगरीय खंडों पर पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जबकि दूसरी लघु फिल्म में भारतीय रेलवे द्वारा रेल टेल कॉर्पोरेशन एवं गूगल के सहयोग से उपलब्ध कराई जाने वाली हाई-स्पीड वाई-फाई सेवा के बारे में रोचक जानकारी दी गई। समारोह का मंच संचालन पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी श्री गजानन महतपुरकर ने किया। मध्य रेल के मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री रवीन्द्र गोयल ने सभी का आभार प्रकट किया।

पश्चिम रेलवे पर आतंकवाद निषेध दिवस मनाया गया

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने 20 मई, 2016 को आतंकवाद निषेध दिवस के अवसर पर चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में रेलकर्मियों और अधिकारियों को सभी प्रकार के आतंकवाद एवं हिंसा का विरोध करने और शांति, सामाजिक बंधुत्व तथा आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ मानवीय जीवन एवं मूल्यों के लिए खतरा बनी ताकतों के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं रेलकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल प्रधान कार्यालय में रेलकर्मियों और अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल 61वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का दीप जलाकर शुभारम्भ करते हुए तथा रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मनोज शर्मा और वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष गंगल को वर्ष 2015-16 के दौरान समग्र क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु महाप्रबंधक की प्रतिष्ठित कार्यकुशलता शील्ड प्रदान करते हुए। साथ ही पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी भी दिखाई दे रहे हैं।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किये गये 171 व्यक्तिगत तथा 29 सामूहिक पुरस्कार

पश्चिम रेलवे का 61वाँ रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह बुधवार, 13 अप्रैल, 2016 को मुंबई सीएसटी स्थित मध्य रेल सभागृह में सम्पन्न हुआ। वर्ष 2015-16 के दौरान समग्र क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु महाप्रबंधक की प्रतिष्ठित कार्यकुशलता शील्ड रतलाम तथा वडोदरा मंडल ने संयुक्त रूप से जीती। रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मनोज शर्मा तथा वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष गंगल ने यह शील्ड पश्चिम के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल से प्राप्त की। महाप्रबंधक श्री अग्रवाल ने वर्ष 2015-16 हेतु विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए विभिन्न मंडलों तथा कारखानों को कुल 24 दक्षता शील्ड प्रदान कीं। वाणिज्य तथा सुरक्षा विभाग के उत्कृष्ट निष्पादन हेतु मुंबई सेंट्रल ने दक्षता शील्ड प्राप्त की। लेखा विभाग में उत्कृष्ट निष्पादन हेतु मुंबई सेंट्रल मंडल ने रतलाम मंडल के साथ संयुक्त रूप से दक्षता शील्ड प्राप्त की। मुंबई सेंट्रल मंडल के मुंबई सेंट्रल कोचिंग डिपो ने सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित मेल/एक्सप्रेस ट्रेन अर्थात राजधानी एक्सप्रेस के अनुरक्षण के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुंबई मंडल के नंदुरबार के रनिंग रूम को सर्वश्रेष्ठ रनिंग रूम का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री शैलेन्द्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ ये शील्डें महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल से प्राप्त कीं। अहमदाबाद, रतलाम तथा वडोदरा मंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट निष्पादन हेतु 8-8 दक्षता शील्डें जीतीं। इस अवसर पर

पश्चिम रेलवे का 61वाँ रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह

पश्चिम के महाप्रबंधक श्री अग्रवाल ने वर्ष 2015-16 के दौरान सर्वोत्तम कार्य निष्पादन के लिए 171 कर्मचारियों तथा अधिकारियों को योग्यता प्रमाण-पत्र, कार्यकुशलता पदक एवं नकद पुरस्कार तथा 29 सामूहिक पुरस्कार प्रदान कर उनकी सराहनीय सेवाओं तथा विशिष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में श्री अग्रवाल ने सभी रेलकर्मियों तथा उनके परिजनों को 61वें रेल सप्ताह के अवसर पर बधाई देते हुए सभी पुरस्कृतों का उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु अभिनंदन किया।

श्री अग्रवाल ने वर्ष के दौरान पश्चिम द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों की भी चर्चा की। इस अवसर पर पश्चिम के मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी ने अतिथियों का स्वागत किया। उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री मुकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सविता अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (कल्याण) डॉ. श्रीमती संघमित्रा, वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी श्री गजानन महतपुरकर तथा कार्यालय अधीक्षक श्रीमती पूजा पवार ने संयुक्त रूप से समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन किया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



★ वर्ष 2015-16 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए 61वें रेल सप्ताह के अवसर पर आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल से व्यक्तिगत पुरस्कार ग्रहण करते हुए उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (कल्याण) डॉ. श्रीमती संघमित्रा, उपमहाप्रबंधक (सामान्य) श्री मुकेश कुमार, वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी श्री पी. एस. नारायणन, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपालकृष्ण सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रकाश परमार, मुख्य जनसम्पर्क निरीक्षक श्री अमीत करवंदे, गोपनीय सहायक श्री प्रेमचन्द्र सिंह रावत, और जूनियर इंजीनियर (जन शिकायत) श्री संजय वी. गोवालकर। साथ ही पश्चिम के मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री संजय सूरी भी दिखाई दे रहे हैं।



★ पश्चिम एवं मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल 'संचार दिवस' के अवसर पर आयोजित प्रेस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए।

संचार दिवस पर महाप्रबंधक के प्रेस सम्मेलन के साथ 'रेल हमसफ़र सप्ताह' सम्पन्न

संरक्षा, सेवा एवं गति के अपने मूल ध्येय को जोड़कर सामाजिक एकता एवं राष्ट्र के समग्र विकास में रेलवे के योगदान की प्रतिबद्धता को दोहराने हेतु सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे पर अत्यंत उत्साह एवं सर्व सामंजस्य से 'रेल हमसफ़र सप्ताह' मनाया गया। 'रेल हमसफ़र सप्ताह' का समापन 'संचार दिवस' पर महाप्रबंधक द्वारा आयोजित प्रेस सम्मेलन के साथ हुआ। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने बुधवार, 1 जून, 2016 को 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के अंतर्गत 'संचार दिवस' के अवसर पर चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में पश्चिम रेलवे की गत दो वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रेस सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी संक्षेप में बताया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक, मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री ए. के. श्रीवास्तव तथा पश्चिम और मध्य रेल के विभिन्न विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे। प्रेस सम्मेलन की शुरुआत में पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों का स्वागत किया। सप्ताह भर चले इस आयोजन का अंतिम दिन सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे पर 'संचार दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसमें सप्ताह भर चली विभिन्न गतिविधियों का विश्लेषण किया गया तथा सभी सम्बंधित मंडल रेल प्रबंधकों ने गत 2 वर्षों में अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के बारे में तथा अपने मंडलों पर उठाये गये विभिन्न कदमों से सम्बंधित सूचनाओं के प्रसार के लिए प्रेस सम्मेलनों को सम्बोधित किया। 26 मई से 1 जून, 2016 तक चले 'रेल हमसफ़र सप्ताह' में भारतीय रेलवे पर विगत 2 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों के बारे में अवगत कराने के लिए विभिन्न आयोजन किये गये। इस अवधि के दौरान पश्चिम रेलवे ने गत दो वर्षों में शुरू किये गये विभिन्न सुविधाओं को उजागर किया तथा सभी क्षेत्रों विशेषकर यात्री सुविधाओं में उत्तरदायित्व, सुविधाओं तक पहुँच एवं सुविधाओं में सुधार के बारे में सामान्यतः भारतीय रेलवे द्वारा तथा विशेषकर पश्चिम रेलवे द्वारा



अर्जित की गई उपलब्धियों को दर्शाया। सप्ताह के दौरान विभिन्न आयोजन किये गये तथा प्रत्येक दिन को एक विशेष नाम तथा उद्देश्य यथा स्वच्छता, समयपालनता, खानपान, टिकट चेकिंग, यात्रियों से संवाद, मालभाड़ा ग्राहकों से संवाद तथा मीडिया से संवाद के रूप में मनाया गया।

स्वच्छता दिवस:- 'रेल हमसफ़र सप्ताह' का पहला दिन 26 मई, 2016 को पश्चिम रेलवे पर 'स्वच्छता दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसमें सभी स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में गहन स्वच्छता अभियान चलाये गये। वहीं विभिन्न रेल अधिकारियों द्वारा रेल कर्मचारियों, एनजीओ, कर्मचारी संगठनों, स्काउट एवं गाइड्स इत्यादि के सहयोग से प्रत्येक स्टेशन का निरीक्षण किया गया। पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल पर मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों को स्वच्छता सुनिश्चित करने में उनके सहयोग की अपील की गई तथा रेल हमसफ़र सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के मुद्रित विवरण के पर्चे वितरित किये गये। बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर रेल हमसफ़र सप्ताह के बारे में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्षों सहित कई वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु रेल परिसरों एवं ट्रेनों का निरीक्षण किया गया। सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे विभिन्न रेल स्टेशनों तथा रेलवे कॉलोनियों में भी स्वच्छता सम्बंधी गतिविधियाँ चलाई गईं।

सत्कार दिवस:- 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के दूसरे दिन अर्थात 27 मई, 2016 को 'सत्कार दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टेशनों तथा ट्रेनों में खानपान इकाइयों एवं पेयजल सुविधा सम्बंधी निरीक्षण किये गये। इसका मुख्य उद्देश्य खानपान इकाइयों पर बिक्री किये जाने वाले सामग्रियों की पूर्ण मूल्य सूची प्रदर्शित करने, स्वच्छता, रख-रखाव एवं इन खानपान इकाइयों और रसोईयानों की मरम्मत को और अधिक बेहतर बनाना रहा, जिससे ये वांछनीय मानकों के अनुरूप हों। 27 मई, 2016 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल के राजको' दौरे के दौरान उन्होंने राजकोट रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराई गई विभिन्न यात्री सेवाओं



★ 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के अंतर्गत शुक्रवार, 27 मई, 2016 को सत्कार दिवस के दौरान राजकोट रेलवे स्टेशन पर फूड स्टॉल का निरीक्षण करते हुए तथा स्वच्छता दिवस के अवसर पर राजकोट स्टेशन परिसर में आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली में शामिल मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती अनुराधा मुखेडकर एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी।



★ सेवा दिवस के अंतर्गत यहाँ प्रदर्शित पहले चित्र में मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रियों से बातचीत करते मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री ए. के. अग्रवाल तथा दूसरे चित्र में यात्रियों की शिकायतों का निराकरण करते हुए वडोदरा के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित कुमार सिंह तीसरे चित्र में महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल राजकोट-वेरावल एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी कोच में निरीक्षण करते हुए तथा अंतिम तस्वीर में बोरीवली स्टेशन पर फोरट्रेस टिकट चेकिंग ड्राइव का एक दृश्य।

एवं खानपान सुविधाओं का निरीक्षण किया। श्री अग्रवाल ने राजकोट की मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती अनुराधा मुखेडकर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजकोट स्टेशन परिसर में उपलब्ध फूड ट्रॉलियों, रिफ्रेशमेंट स्टॉलों, वाटर कूलरों, फूड प्लाज़ा तथा रेल आहार का निरीक्षण किया। स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को परस्पर जोड़ने की संकल्पना के क्रम में राजकोट स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 के पैदल ऊपरी पुल पर स्वयंसेवकों द्वारा बनाई गई सुंदर चित्रकारी की सराहना भी महाप्रबंधक द्वारा की गई। इसी प्रकार पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों में भी मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये गये।

सेवा दिवस:-'रेल हमसफ़र सप्ताह' का तीसरा दिन 28 मई, 2016 को पश्चिम रेलवे द्वारा 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे पर प्रधान विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों सहित विभिन्न रेल अधिकारियों ने विविध ट्रेनों में स्वयं यात्रा करते हुए यात्रियों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर ही निपटाने के निर्देश दिये।

सतर्कता दिवस:-'रेल हमसफ़र सप्ताह' का तीसरा दिन 29 मई, 2016 को '**सतर्कता दिवस**' के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे पर विशेष टिकट चेंकिग अभियान का आयोजन हुआ। इस दिवस के उपलक्ष्य में मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों को शत-प्रतिशत समय पर चलाने के हरसम्भव प्रयास किये गये। साथ ही सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में फुट प्लेट इंस्पेक्शन तथा प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिनमें न सिर्फ वाणिज्यिक स्टाफ बल्कि अन्य विभागों के अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में सतर्कता, आरपीएफ एवं जीआरपी के कर्मचारी भी शामिल हुए।

सामंजस्य दिवस:-'रेल हमसफ़र सप्ताह' का पाँचवाँ दिन **30** मई, **2016** को पश्चिम रेलवे द्वारा 'सामंजस्य दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण पश्चिम रेलवे पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता मुहिम चलाने तथा रेलवे कॉलोनियों के नियमित रख-रखाव के लिए कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक मंडल पर विशेषकर रेलवे कॉलोनियों एवं अन्य परिसरों में वृक्षारोपण पर विशेष बल दिया गया। रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए विशेष खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं तथा उन्हें इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न डिपो तथा कार्य स्थलों पर रेल कर्मियों के साथ उनकी समस्याएँ सुनने एवं मौके पर ही उनका समाधान करने के लिए विशेष बैठकें आयोजित की गईं।



★ सामंजस्य दिवस के अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल राजकोट मंडल के अंतर्गत ओखा रेलवे स्टेशन परिसर के उद्यान में पौधारोपण करते हुए तथा दूसरे चित्र में अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल अग्रवाल साबरमती रेलवे कॉलोनी में पौधा लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

संयोजन दिवस:-'रेल हमसफ़र सप्ताह' का छठा दिन **31** मई, **2016** को पश्चिम रेलवे द्वारा 'संयोजन दिवस' के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत प्रधान कार्यालय में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में तथा विभिन्न मंडलों में सम्बंधित मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा माल भाड़ा यातायात की विभिन्न नीतियों सुधार के विषय में सभी प्रमुख माल भाड़ा परिचालन ग्राहकों के साथ बैठकें आयोजित की गईं तथा सेमीनार भी आयोजित किये गये। साथ ही लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रेल यातायात में सुधार के लिए विभिन्न औद्योगिक समूहों की प्रतिबद्धता के लिए विचार-विमर्श भी हुआ। इस सम्मेलन में सम्बोधित उच्च अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत औद्योगिक इकाई/ग्राहकों से सम्बंधित विभिन्न मुद्दे एक निश्चित समयावधि में सुलझाने का निर्णय लिया गया। सप्ताह भर चले इस अभियान के अंतिम दिन 1 जून, 2016 को '**संचार दिवस**' के रूप में मनाया गया, जिसमें सप्ताह के दौरान चलाई गई विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा पिछले दो वर्षों के दौरान भारतीय रेलवे की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में सूचना प्रदान करने एवं उनके अपने मंडलों और क्षेत्रों पर किये गये विशेष कार्यों के बारे में बताने हेतु महाप्रबंधक/मंडल रेल प्रबंधक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने बुधवार, 1 जून, 2016 को 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के अंतर्गत 'संचार दिवस' के अवसर पर चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में पश्चिम रेलवे की गत दो वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और प्रमुख गतिविधियों से अवगत कराने के लिए एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने 'रेल हमसफ़र सप्ताह' के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी संक्षेप में बताया।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल 31 मई, 2016 को संयोजन दिवस पर चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित माल भाड़ा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री पी. एस. मिश्रा, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री सी. पी. शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

मुंबई उपनगरीय खंड पर उचित कार्रवाई के लिए विभिन्न घटनाओं की समीक्षा



★ पश्चिम एवं मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल तथा रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (पर्यटन, खानपान एवं आधारभूत संरचना) श्री गिरीश पिल्लई पश्चिम रेलवे मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए। उनके साथ पश्चिम एवं मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी क्रमशः श्री रविंद्र भाकर तथा श्री नरेन्द्र पाटिल भी दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम एवं मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल तथा रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (पर्यटन, खानपान एवं आधारभूत संरचना) श्री गिरीश पिल्लई द्वारा 2 जून, 2016 को आयोजित एक बैठक में मुंबई उपनगरीय खंड पर पिछले दिनों घटित घटनाओं की माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु के निर्देश पर दोनों रेलवे के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए श्री गिरीश पिल्लई ने बताया कि माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु मुंबई उपनगरीय खंड की रेल सेवाओं के बारे में हमेशा चिंतित रहते हैं, क्योंकि इसमें कोई भी व्यवधान लाखों मुंबईकरों को प्रभावित करता है। पश्चिम रेलवे के लोअर परेल और वसई रोड तथा सेंट्रल रेलवे के रावली और विक्रोली में घटी हाल की घटनाओं का विश्लेषण कर इन घटनाओं के विभिन्न कारणों के बारे में विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुंबई उपनगरीय खंड पर रेलवे ट्रैक से सटे स्लम इलाकों के कारण रेल सम्पत्ति और आधारभूत संरचना को नुकसान पहुँचाने वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। साथ ही रेल सुरक्षा बल आदि की मदद से रेलवे ट्रैक पर तथा इसके पास कचरा फेंकने और चलाने के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई जायेगी। उल्लेखनीय है कि वसई रोड स्टेशन के बाहर का वह क्षेत्र जहाँ स्लैब गिरा था, वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि हार्बर लाइन पर रावली स्टेशन की घटना सिगनल बॉक्स के निकट कूड़ा-करकट जलाने के फलस्वरूप केबल को हुई क्षति के कारण हुई थी। इसी प्रकार ऐसे क्षेत्रों जहाँ ट्रैक के किनारे कूड़ा-करकट के ढेर लगे हुए हैं और ट्रेन परिचालन प्रभावित हो सकता है, वहाँ मिशन के तौर पर इन्हें साफ करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। श्री पिल्लई ने कहा कि इन घटनाओं के कारणों को जानकर उचित कार्रवाई की जायेगी, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों। पश्चिम एवं मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने भी मीडिया को सम्बोधित किया। मध्य रेल के सीएसटीएम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमिताभ ओझा, पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री शैलेश गुप्ता, पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर तथा मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री नरेन्द्र पाटिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित थे।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक योग सेमिनार सह कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए तथा अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ योगाभ्यास करते हुए।

पश्चिम रेलवे पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय, मंडलों, कारखानों, रेलवे कॉलोनियों एवं रेल इंस्टिट्यूटों में मंगलवार, 21 जून, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने की। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्षों, विभाग के अध्यक्षों तथा प्रधान कार्यालय की महिलाओं ने 'कैवल्यधाम हेल्थ एंड योगा रिसर्च सेंटर-मुंबई' के पेशेवर योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योग अभ्यास किये। इसके पश्चात 'हृदय ध्यान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प महाप्रबंधक द्वारा कराया गया। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा निर्मित सामान्य 'योग प्रोटोकॉल' की डीवीडी भी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में पेशेवर योग अनुदेशकों द्वारा प्रतिभागियों को योग आसनों एवं तनाव से बचने के मार्गदर्शन एवं तरीकों के बारे में भी बताया गया। इस महत्त्वपूर्ण अवसर को सफल बनाने हेतु पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



★ इंडियन मर्चेंट चैम्बर्स भवन में आयोजित 'विक्रेता सम्मेलन' का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए तथा इस अवसर पर प्रकाशित स्वदेशीकरण सम्बंधी पुस्तिका का विमोचन करते हुए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी.सी.अग्रवाल। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

'व्यापार में सरलता' को प्रोन्नत करने हेतु पश्चिम रेलवे पर विक्रेता सम्मेलन का आयोजन

सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता की संकल्पना को विकसित करने हेतु पश्चिम रेलवे के भंडार विभाग चर्चगेट स्थित इंडियन मर्चेंट चैम्बर्स भवन में 'व्यापार में सरलता' विषय पर विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। माइक्रो, लघु एवं मध्यम उपक्रम, एन एस आई सी एवं मध्य रेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी सी अग्रवाल ने किया। श्री अग्रवाल द्वारा इस मौके पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ तथा 'मेक इन इंडिया' एवं विक्रेता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशीकरण पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। पश्चिम रेलवे के भंडार नियंत्रक श्री पी सी शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि अब पश्चिम रेलवे का भंडार विभाग पूरी तरह ऑनलाइन हो गया है और भंडार विभाग की खरीद एवं सभी निविदाओं की जानकारी इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध रहती है। सम्मेलन में रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक श्री महेश चन्द्रा, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस के पाठक सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा लगभग 125 विक्रेता शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान विभिन्न वक्ताओं द्वारा विविध विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये गये।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में भाग लेते हुए। दूसरे चित्र में अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री राजकुमार लाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी सतर्कता प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

पश्चिम रेलवे पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत सतर्कता प्रदर्शनी, सेमिनार, नाटक एवं 'रन फॉर यूनिटी' सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

भारत के लौहपुरुष स्वर्गीय श्री वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पश्चिम रेलवे के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसकी शुरुआत 31 अक्टूबर, 2016 को हुई। 5 नवम्बर, 2016 तक मनाये गये इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस के पाठक ने चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय परिसर में 1 नवम्बर, 2016 को रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम जीवन में ईमानदारी बरतने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होंने सतर्कता जागरुकता से सम्बंधित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद 'अखंडता को मजबूत करने एवं भ्रष्टाचार को मिटाने में जनता की भागीदारी' विषय पर एक सेमिनार तथा



★ पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री एस के पाठक पश्चिम रेलवे पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में एक विशेष सतर्कता बुलेटिन का विमोचन करते हुए ।

'चाय-पानी' विषय पर जागरूकता सम्बंधित एक नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों, कारखानों और नामित स्कूलों में निबंध लेखन, पारस्परिक संवाद सत्रों एवं व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

पश्चिम रेलवे द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

हम सभी को अखंड भारत की सौगात देकर देश की आजादी और राष्ट्रीय एकता में अपना अहम योगदान देने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में रविवार, 6 नवम्बर, 2016 को पश्चिम रेलवे द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन किया गया।

यह दौड़ मुंबई के मरीन ड्राइव पर एयर इंडिया बिल्डिंग से शुरू होकर मरीन लाइन्स ब्रिज पर समाप्त हुई। इस दौड़ में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल एवं अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक के अलावा विभिन्न प्रधान विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं कर्मचारी अत्यंत उत्साह और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण भावना के साथ शामिल हुए।



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा मुंबई मंडल के माननीय सांसदों के साथ प्रमुख मुद्दों पर चर्चा

★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2016 को आयोजित एक बैठक में मुंबई मंडल के अंतर्गत शामिल संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों की बैठक को सम्बोधित करते हुए। उनके साथ मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा दूसरी पंक्ति में बैठक में शामिल माननीय सांसदगण दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम रेलवे से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2016 को चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में मुंबई मंडल के क्षेत्राधिकार में आने वाले माननीय सांसदों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने माननीय सांसदों के साथ-साथ विभिन्न रेल सम्बंधी मुद्दों पर चर्चा की तथा उन्हें पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल पर चल रही रेल परियोजनाओं के साथ-साथ भविष्य की परियोजनाओं से भी अवगत कराया। माननीय सांसदों ने यात्री सुविधाओं एवं रेल परियोजनाओं सम्बंधी अहम मुद्दों पर चर्चा की और प्रश्न पूछे तथा इस बात की आशा व्यक्त की कि पश्चिम रेलवे अपनी उपलब्धियों को और विस्तारित करेगी।

इस बैठक में उत्तर-पश्चिम मुंबई संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद श्री गजानन कीर्तिकर, नंदुरबार संसदीय क्षेत्र की माननीया सांसद डॉ. हिना गावित तथा राज्यसभा सांसद श्री माजीद मेमन ने भाग लिया। माननीय सांसदगण श्री लालूभाई पटेल तथा श्री राहुल शेवाले के प्रतिनिधियों ने भी इस बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन तथा विभिन्न प्रधान विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

रेलवे बोर्ड के सदस्य यातायात श्री मोहम्मद जमशेद द्वारा चर्चगेट स्टेशन का निरीक्षण एवं लोकल ट्रेन में यात्रा





★ रेलवे बोर्ड के सदस्य यातायात श्री मोहम्मद जमशेद बुधवार, 26 अक्टूबर, 2016 को अपनी मुंबई यात्रा के दौरान चर्चगेट स्टेशन के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन से चर्चा करते हुए तथा लोकल ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्रियों से बातचीत करते हुए।

रेलवे बोर्ड के सदस्य यातायात श्री मोहम्मद जमशेद ने अपनी मुंबई यात्रा के दौरान बुधवार, 26 अक्टूबर, 2016 को चर्चगेट स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया तथा परिसर में मौजूद विभिन्न रेल यात्रियों से बातचीत कर रेलवे द्वारा सुलभ कराई गई सेवाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। श्री जमशेद ने पश्चिम रेलवे की एक फास्ट लोकल ट्रेन में यात्रा भी की, जिसके अंतर्गत वे चर्चगेट से दादर स्टेशन तक द्वितीय श्रेणी सामान्य डिब्बे में बैठे, वहीं दादर से अंधेरी स्टेशन तक इसी लोकल ट्रेन के मोटरमैन कैब में सदस्य यातायात द्वारा फुटप्लेट निरीक्षण को अंजाम दिया गया।

लोकल ट्रेन में यात्रा के दौरान श्री जमशेद ने विभिन्न यात्रियों से बातचीत कर रेलवे के बारे में उनके अनुभव और उनकी अपेक्षाओं को जाना। चर्चगेट स्टेशन पर सदस्य यातायात ने मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ मुंबई उपनगरीय खंड की विभिन्न प्रगतिपरक परियोजनाओं तथा भावी रेल योजनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर प्रदान की गई हाई-टेक यात्री सुविधाओं के बारे में यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिलने पर सदस्य यातायात द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा इस दिशा में पश्चिम रेलवे द्वारा किये जा रहे हरसम्भव प्रयासों को सराहा भी गया।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल मुख्यालय भवन में लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी का दीप जलाकर उद्घाटन करते हुए । उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी नज़र आ रहे हैं।

पश्चिम रेल प्रधान कार्यालय में राजभाषा पखवाड़े का सफल आयोजन

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस. एन. अग्रवाल के मार्गदर्शन में 14 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2016 तक प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में राजभाषा पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। इस पखवाड़े का शुभारम्भ महाप्रबंधक द्वारा 14 सितम्बर, 2016 को पश्चिम रेलवे के चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगाई गई हिन्दी दिवस प्रदर्शनी का उद्घाटन करके किया गया था। राजभाषा पखवाड़े के दौरान प्रधान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं, हिंदी कार्यशालाओं एवं तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राजभाषा के प्रति अपनी रुचि प्रकट की। 30 सितम्बर, 2016 को राजभाषा पखवाड़े के समापन समारोह के अवसर पर मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित 'पंडित मोटेराम शास्त्री की डायरी' नाटक का मंचन किया गया, जिसे सभी दर्शकों ने बहुत पसंद किया। इस अवसर पर 2015-16 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले 58 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा हिंदी प्रतियोगिताओं में सफल 45 प्रतिभागियों को महाप्रबंधक महोदय द्वारा नकद पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में महाप्रबंधक जी के अलावा पश्चिम रेलवे महिला समाज कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सविता अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रारम्भ में मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस. एन. अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राजभाषा पखवाड़े का समापन एवं वार्षिक राजभाषा पुरस्कार समारोह का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. सुशील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। अंत में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री अशोक लोंढे ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

राजभाषा प्रदर्शनी का शुभारम्भ

पश्चिम रेलवे के चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में 14 से 30 सितम्बर, 2016 तक मनाये जाने वाले "राजभाषा पखवाड़े" की शानदार शुरुआत एक दिवसीय हिंदी प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई। महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल ने मुख्यालय भवन में लगाई गई इस राजभाषा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. पाठक, मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एस. एन. अग्रवाल तथा सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रदर्शनी में पश्चिम रेल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में किए जा रहे कार्यों में राजभाषा हिंदी प्रयोग की झलक बड़े ही कलात्मक ढंग से प्रस्तुत की गई। इसके अलावा, यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु किए जा रहे प्रयासों की झांकी डॉक्युमेंटरी फ़िल्म के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पश्चिम रेलवे में हिंदी का प्रयोग प्रसार निरंतर बढ़ रहा है और इसे लगातार बनाये रखना हम सब की ज़िम्मेदारी है। जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से लगाई गई इस सुरुचिपूर्ण प्रदर्शनी में रोचक शीर्षकों वाले सचित्र पोस्टरों के ज़रिये राजभाषा हिंदी में हो रहे विविध प्रमुख कार्यकलापों को बखूबी दर्शाया गया। प्रारम्भ में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महाप्रबंधक एवं अपर महाप्रबंधक का स्वागत किया तथा अंत में उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।



★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री जी. सी. अग्रवाल मुख्यालय भवन में लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए । उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी नज़र आ रहे हैं। 30 सितम्बर, 2016 को राजभाषा पखवाड़े के समापन समारोह में महाप्रबंधक श्री अग्रवाल राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुंबई सेंट्रल मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती आरती परिहार को पुरस्कार प्रदान करते हुए तथा इस अवसर पर मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित मंचित नाटक 'मोटे राम की डायरी' का एक दृश्य।